卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 157 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦15 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## फर्जी एनसीईआरटी किताबों से भरा गोदाम पकड़ा

### करीब 20 करोड़ का माल बरामद,कई राज्यों में की जा रही थी सप्लाई, गोदाम सील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कीरतपुर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी एनसीईआरटी किताबों के एक विशाल गोदाम का भंडाफोड़ किया है। शनिवार देर रात हुई इस छापेमारी में शुरुआती अनुमान के मुताबिक करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की फर्जी किताबें बरामद की गई हैं। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से गोदाम को सील कर दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को एक गोपनीय सूचना मिली थी कि कीरतपुर स्थित एक गोदाम में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से छपी एनसीईआरटी की किताबों का भंडारण और परिवहन किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, तहसील प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम ने शनिवार (शेष पृष्ठ सात पर)





## कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री पहुंचे जसपुर

जसपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार सुबह लगभग 10.20 बजे जसपुर निवासी कांग्रेस विधायक आदेश चौहान के आवास पर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने विधायक आदेश चौहान के पुत्र एवं पुत्रबधु को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त मात्र में फोर्स तैनात रही। बतादें कि बीती शाम जसपुर से कांग्रेस के विधायक आदेश चौहान के पुत्र की शादी के उपलक्ष्य में रिशेप्शन पार्टी थी। इस समारोह में मुख्यमंत्री के आगमन की सुचना थी लेकिन किन्हीं कारणों वश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रिशेप्शन समारोह नहीं पहुंच पाये। आज सुबह (शेष पृष्ठ सात पर)



## हनी ट्रैप में फंसाकर युवक का अपहरण

### 50 लाख की रंगदारी मांगी


नानकमत्ता। कोतवाली क्षेत्र में हनी ट्रैप और अपहरण का एक बेहद सनसनी खेज मामला सामने आया है। एक शातिर महिला ने पीलीभीत के युवक को अपने प्रेमजाल में फंसाकर पहले नानकमत्ता बुलाया और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसकी कार व नगदी लूट ली और अश्लील वीडियो बनाकर 50 लाख रुपये की मोटी रंगदारी मांगी। पीड़ित किसी तरह आरोपियों के चंगुल से भागने में सफल रहा, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरोह की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पवन कुमार पुत्र शिवहरी, निवासी कलीनगर थाना माधोटांडा (पीलीभीत) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब तीन दिन पहले उसके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया। महिला ने अपना नाम पिंकी बताया और खुद को खटीमा का निवासी बताया। उसने पवन को सहानुभूति बटोरने के लिए झूठी कहानी सुनाई कि उसका पति मेरठ में रहता है और उसके साथ मारपीट करता है। महिला ने पवन से दोस्ती कर उसे मिलने के लिए खटीमा बुलाया। 13 मार्च की रात करीब 9 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588

## मां के अंतिम संस्कार के बाद सगे भाइयों में खूनी संघर्ष

रुद्रपुर। शहर के जगतपुरा वार्ड नंबर 5 में उस समय हड़कंप मच गया जब तीन सगे भाई आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि घर में रखे तवे और बेलन को ही हथियार बना लिया गया। मारपीट के दौरान एक भाई ने दूसरे भाई का सिर फोड़ दिया। वहीं एक भाई की पत्नी को कमर में बेलन से वार कर दिया, जिससे महिला मौके पर ही जमीन पर गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही पार्षद पति राधेश शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। साथ ही 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मारपीट में एक भाई का सिर फूट गया, जबकि पुलिस ने एक आरोपी भाई को मौके से हिरासत में ले लिया। वहीं एक अन्य भाई पुलिस को आते देख मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि तीनों भाइयों की मां का आज ही अंतिम संस्कार हुआ था। श्मशान घाट से लौटने के बाद किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि घर में ही तांडव मच गया। महिलाओं और बच्चों के सामने हुई इस मारपीट से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



## यूपीएससी में बेटियों की सफलता से बढ़ा प्रदेश का मान: सीएम

### मुख्यमंत्री ने सिविल सेवा में चयनित अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में चयनित किच्छा निवासी शांभवी तिवारी, काशीपुर की प्रिया चौहान और भीमताल निवासी सौम्या गर्ब्याल से अपने निजी आवास नगला तराई में संवाद कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों ने अपने परिवार के साथ ही पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने जोर देकर (शेष पृष्ठ सात पर)







**रस्म पगड़ी (उठाला)**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी **श्री इन्द्र सेन धींगरा जी** का स्वर्गवास दिनांक 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनकी **रस्म पगड़ी (उठाला) दिनांक 16 मार्च 2026 दिन सोमवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी गली नंबर 10, रामपुर रोड, हल्द्वानी में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

पुनीतलाल धींगरा, किशोर धींगरा,
दिलीप धींगरा (भाई)
अनीता धींगरा (पुत्री)
किरन-अनिल सुखीजा (पुत्री-दामाद)
अंजू -रमन रेहान(पुत्री-दामाद)

केवल धींगरा-सुनीता(पुत्र-पुत्रवधू)
प्रमोद धींगरा-अनु (पुत्र-पुत्रवधू)
रवि धींगरा-रितिका (पौत्र-बहू)
सौरभ धींगरा-गगनदीप(पौत्र-बहू)
आशीष धींगरा-गुंजन (पौत्र-बहू)
एवं समस्त धींगरा व सडाना परिवार

निवास-विष्णुपुरी, गली नम्बर 10, रामपुर रोड, हल्द्वानी
मोबाईल-8006554500] 7409795000] 9899267363


## आम जनता के दिलों को छू गए मुख्यमंत्री धामी

### पहली बार किसी सीएम ने किया ऐसा संवाद,कई लोगों का हाथ थामकर समस्याएं सुनीं, कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण

-नरेश जोशी-

टनकपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनसंवाद कार्यक्रम में उस समय भावनात्मक माहौल बन गया जब उन्होंने अपनी सहज और आत्मीय शैली में कुमाऊँनी बोली में कहा "इजा, बेंड़ी तू निक हरे है?" (मेरी बहन, मेरी मां तुम कुशल से तो हो)। मुख्यमंत्री के इस अपनत्व भरे संबोधन ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। मौका था टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का। कार्यक्रम स्थल पर कुर्सियों का घेरा बनाकर ऐसा माहौल तैयार किया गया था, जहां मुख्यमंत्री स्वयं आम जनता के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक-एक कर लोगों के पास पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याएं सुनीं। टनकपुर में ऐसा पहली बार देखने को मिला जब प्रदेश का कोई मुख्यमंत्री इस तरह आम जनता (शेष पृष्ठ सात पर)





### सूरज पकौड़ी वाले से मंगवाई पकौड़ी

टनकपुर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के मुख्य गेट पर वर्षों से पकौड़ी और टिक्की का ठेला लगाने वाले सूरज का ठेला इस बार कैंप कार्यालय के भीतर लगवाया गया था। कैंप कार्यालय की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के लिए टिक्की और पकौड़ी की व्यवस्था कराई गई थी। इसी दौरान कैंप कार्यालय का एक कर्मचारी ठेले पर पहुंचा और सूरज से कहा कि सीएम साहब ने पकौड़ी मंगवाई है। यह सुनकर ठेले के पास मौजूद लोग कुछ पल के लिए हैरान रह गए। ठेला व्यवसायी सूरज ने बताया कि पुष्कर सिंह धामी को उसकी टिक्की और पकौड़ी काफी पसंद है और वे अक्सर इसका स्वाद लेते हैं। सूरज ने यह भी बताया कि वर्ष 2024 में जब मुख्यमंत्री का काफिला उसके ठेले के पास से गुजर रहा था, तब मुख्यमंत्री धामी अचानक रुक गए थे और खुद ठेले पर आकर सूरज की टिक्की और पकौड़ी का स्वाद लिया था।

# फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला-उतुके सई

## मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में बच्चों के साथ मनाया लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान का लोकपर्व फूलदेई





देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार लोकपर्व फूलदेई मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व फूलदेई, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पारंपरिक परिधान पहनकर आए बच्चों ने घर की देहरी पर फूल व चावल अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला-उतुके सई जैसे लोकगीत गाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपर्व फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को बनाए रखने का त्योहार है। उन्होंने कहा यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। यह त्योहार दर्शाता है कि जीवन में हमेशा प्रकृति का आभार व्यक्त करना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की लोक संस्कृति और लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हमने अपने लोक त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे कि यह त्यौहार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे और हमारी लोक संस्कृति हमेशा अमर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और हमारी लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आने वाली पीढ़ियों को इन अमूल्य परंपराओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है।

# अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें: मुख्यमंत्री



खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के द्वितीय दिवस रविवार को अपने निजी आवास नगला तराई व हेलीपैड लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, सतीश भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान, अधिशासी अभियंता सिंचाई ए एस नेगी, बी एस डांगी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



# केएलए में अत्याधुनिक तकनीक और हाइजीनिक पैकेजिंग देख छात्र हुए उत्साहित

रूद्रपुर । नोएडा स्थित आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के एमबीए एवं बीबीए के छात्र-छात्राओं के एक दल ने किच्छा स्थित केएलए इंडिया लिमिटेड की औद्योगिक इकाई केएलए फूड्स फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फैक्ट्री में तैयार होने वाली फ्रोजन मटर की पूरी उत्पादन प्रक्रिया को विस्तार से समझा। मटर की प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग तक की हाईटेक और अत्याधुनिक तकनीक को देख विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए।रोहित ट्विकले के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों को केएलए के तकनीकी स्टाफ ने फ्रोजन मटर के उत्पादन से जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी और उनके विभिन्न सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। संस्थान की अनिषा अग्रवाल ने छात्र- छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी सीधे किसानों के खेतों से गुणवत्तापूर्ण मटर का क्रय करती है। इसके बाद उस मटर को पूरी तरह अत्याधुनिक और हाइजीनिक तरीके से प्रोसेस किया जाता है। प्रोसेसिंग के उपरांत मटर की सुरक्षित पैकिंग की जाती है, जिसे दुनिया भर के बाजारों में निर्यात और सप्लाई किया जाता है। प्रबंधन ने बच्चों को गुणवत्ता नियंत्रण और खाद्य सुरक्षा के मानकों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।केएलए के एमडी अरूण अग्रवाल ने शैक्षिक भ्रमण पर आए सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और वे किताबी ज्ञान को धरातल पर क्रियान्वित होते देख पाते हैं। इस अवसर पर संस्थान का स्टाफ और फैक्ट्री के कई अधिकारी मौजूद रहे।



# महतोष-मनूनगर मार्ग निर्माण पर बनी सहमति, धरना समाप्त

गदरपुर (उद संवाददाता)। मेहतोश-मनूनगर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से किया जा रहा धरना प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया है। अमित नारंग ने मौके पर पहुंचकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माणदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की वार्ता कराई, जिसके बाद लिखित समझौते के आधार पर आंदोलन वापस लिया गया।समझौते के दौरान अमित नारंग ने जेई हरीश बसेड़ा, जेई सचिन नौटियाल तथा वुडहिल कंपनी के इंजीनियर सुशील कुमार से विस्तृत चर्चा की। तय रणनीति के अनुसार, 15 मार्च 2026 से सड़क के गड्ढों को भरने का प्राथमिक कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके उपरांत 20 मार्च 2026 से मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ होगा, जिसे 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा कर जनता को समर्पित करने का लक्ष्य रखा गया है।लिखित आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि श्री नारंग के प्रभावी प्रयासों से ही अधिकारियों ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और समयबद्ध समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह फौजी, अभिजोत सिंह, लकी सिंह, संता सिंह, गुरजीत सिंह, सनी चावला, मुख्तार सिंह, जगजीत सिंह, सोनू गुंबर, श्रवण कुमार, भजनिक सिंह, तारा सिंह, सनी बत्रा, रिजवान अली, उज्ज्वल सिंह, दारा बत्रा, दारा मक्कड़, गगन मक्कड़, बिल्ला मक्कड़, बलजीत सिंह, दलजीत सिंह, नोनिहाल सिंह, राजू नागपाल, बलकार सिंह गुंबर और मनजीत सिंह गुंबर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# सड़कों और स्मारकों के लिए करोड़ों की वित्तीय स्वीकृति पर सीएम का जताया आभार

पंतनगर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को एक औपचारिक धन्यवाद पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने किच्छा विधानसभा क्षेत्र की लंबे समय से लंबित और महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु आभार प्रकट किया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीते 13 अक्टूबर को किच्छा में आयोजित भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह के मंच से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कई घोषणाएं की थीं। अब शासन स्तर पर इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्याप्त बजट आवंटित कर दिया गया है, जो किच्छा की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि किच्छा-नगला मार्ग से अटरिया रोड होते हुए रुद्रपुर तक के 8.5 किलोमीटर लंबे शेष मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 22 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि जारी की गई है। इसके साथ ही किच्छा-रुद्रपुर एनएच-74 से मलसा-कुरैया मार्ग के निर्माण हेतु भी 19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।क्षेत्र की ऐतिहासिक और सामाजिक विरासतों को सहेजने की दिशा में भी सरकार ने अहम कदम उठाए हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि पंतनगर विश्व विद्यालय के अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण और वहां भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम को 45.88 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, किच्छा के पुराने टैक्सी स्टैंड पर भारत- पाकिस्तान विभाजन की विभीषिका झेलने वाले सेनानियों की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए ग्रामीण निर्माण विभाग को 51.51 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। किच्छा के बंडीया स्थित नमक फैक्ट्री पुल के प्रथम चरण के निर्माण हेतु भी 8.58 लाख रुपये की शुरुआती धनराशि लोक निर्माण विभाग को जारी कर दी गई है।राजेश शुक्ला ने कहा कि इन सभी बुनियादी और भावनात्मक योजनाओं के साकार होने से किच्छा क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि किच्छा क्षेत्र से मुख्यमंत्री का विशेष लगाव है और उनके नेतृत्व में किच्छा विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर है।






# रामनगर में फूलदेई उत्सव का भव्य शुभारंभ

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पारंपरिक लोक पर्व फूलदेई को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से रामनगर के भलोंन में एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दर्जनों बच्चों ने घरों की देहरी पर फूल डालने की परंपरा का निर्वहन करते हुए फूल वर्षा की और पारंपरिक अंदाज में लोक पर्व का आनंद लिया। धात संस्था के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम एक महीने तक विभिन्न गतिविधियों के साथ संचालित होगा।कार्यक्रम की शुरुआत भलोंन क्षेत्र के एक निजी रिसोर्ट में की गई जहाँ बच्चों ने उत्साह के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की आयोजक स्नेहल ने बताया कि फूलदेई उत्तराखंड का महत्वपूर्ण और प्राचीन लोक पर्व है जिसे आज की पीढ़ी के बीच फिर से जीवित करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से इस फेस्टिवल को दोबारा लोगों के बीच लाने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन में रामनगर और आसपास के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को शामिल किया गया है ताकि उन्हें अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि नई पीढ़ी को प्रकृति और लोक संस्कृति के प्रति जागरूक किया जाए।कार्यक्रम के संयोजक तनमय ममगई ने बताया कि धात संस्था उत्तराखंड का पुराना सांस्कृतिक संगठन है जिसका उद्देश्य लोगों को अपनी विरासत के प्रति सचेत करना है। उन्होंने बताया कि चौत्र महीने की शुरुआत के साथ ही पहाड़ों में फूलदेई का पर्व मनाया जाता है जिसमें बच्चे देहरी पर फूल डालते हैं और बड़े बुजुर्ग उन्हें आशीर्वाद व उपहार देते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए एक महीने के इस अभियान में बच्चों को ड्राइंग, लेखन, गायन और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। तनमय ममगई के अनुसार इस अभियान के तहत लगभग 10 हजार बच्चों को जोड़ने का लक्ष्य है और विशेष फूलदेई सीड्स पूरे उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में भेजे जा रहे हैं। पिथौरागढ़ से लेकर चमोली तक के बच्चे इस कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि इस तरह के प्रयासों से उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।





# एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज किया

काशीपुर। एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम अमानताबाद, तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सलीम पुत्र मोहम्मद यूनुस ने बताया कि बीते 28 फरवरी को उसका भाई नईम मोटरसाइकिल संख्या यूपी 20बीसी/9213 पर सवार होकर रामनगर से वापस अमानता बाद की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में गढीनेगी रोड पर संधू पेट्रोल पंप के समीप कुंडा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर संख्या यूके 19 बी/8153 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से पीछे से मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारकर उसके भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। नाजुक हालत में उपचार के लिए घायल को राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह एक्सीडेंट के एक अन्य मामले में गांव नियावली खादर, सोहत बूरावली अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी राजू पुत्र जगबीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। उसकी टैक्सी गाड़ी अर्टिगा संख्या यूके 06टीए/ 7642 रमपुरा वार्ड नंबर 21 रुद्रपुर निवासी रेखा पत्नी राकेश कुमार के नाम रजिस्टर्ड है। बीते 11 मार्च को हल्द्वानी से हरिद्वार के लिए सवारी ली थी। अगले दिन 12 मार्च को हरिद्वार से सवारी भरकर हल्द्वानी लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में बांसखेड़ा के समीप यू टर्न पर डंपर (घोड़ा) संख्या एच आर 58ई/3665 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर सामने से कार में टक्कर मारकर सवारियों को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। एक्सीडेंट के दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।






# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से व्यापारियों में मचा हड़कंप

रामनगर (उद संवाददाता)। शनिवार को रामनगर में स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कई अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करने की कार्रवाई की। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में जहां एक ओर हड़कंप मच गया तो वहीं कई लोग अपना सामान लेकर मौके से भागते हुए दिखाई दिए। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि टीम द्वारा रानीखेत रोड में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि लगातार इस इलाके से शिकायत मिल रही थी कि यहां पर कई दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने के साथ ही सामान सड़क पर रखा गया है जिससे अक्सर जाम लगने से स्कूली बच्चों के साथ ही पैदल गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।एसडीएम ने बताया कि अभियान के तहत 50 से 60 अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के साथ ही कई लोगों का सामान जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ चलाया गया तथा भविष्य में भी इस अभियान को लेकर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी बल्कि उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने भी अवैध अतिक्रमण किया है वह टीम के आने से पहले अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। यदि अभियान के दौरान प्रशासनिक टीम को अवैध अतिक्रमण मिलता है तो उसे ध्वस्त करने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा चालान कर जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।





# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजा कॉलोनी से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है।राजा कॉलोनी वार्ड नंबर 2 निवासी उषा देवी पत्नी प्रकाश ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की शाम लगभग 6:30 बजे उनकी पुत्री आरती घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। प्रार्थिनी ने अपनी पुत्री की सभी संभावित जगहों और अपनी रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की, लेकिन आरती का कहीं कुछ पता नहीं चल सका।पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्माइल प्रोजेक्ट योजना के अंतर्गत भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के चिकित्सा परीक्षण हेतु शनिवार को बेस अस्पताल हल्द्वानी में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर पुनर्वासित किया जा सके।शिविर में अपर सचिव समाज कल्याण व प्रबन्ध निदेशक उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम देहरादून प्रकाश चन्द्र ने शिरकत की। उनके साथ सीएमएस डा केएस दताल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा हर्ष हेरी और फिजिशियन डा कुवंर ने भिक्षावृत्ति से जुड़े व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान उन्हें सरकार द्वारा संचालित पुनर्वास संबंधी योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही इन व्यक्तियों को स्वरोजगार, कौशल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया ताकि वे भिक्षावृत्ति छोड़कर सम्मानजनक जीवन जी सकें।इस अवसर पर सहायक निदेशक समाज कल्याण केआर जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल विश्वनाथ गौतम, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी विमला जोशी के साथ-साथ उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हल्द्वानी तथा प्रधानमंत्री दिव्यांशा केंद्र की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।



# गैस की कीमतों और किल्लत के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में गैस की बढ़ती कीमतों और घरेलू व व्यावसायिक गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और गैस की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पहले कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए जिसके बाद वहां से रानीखेत रोड तक विरोध रैली निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सदन से नरेंद्र गायब किचन से सिलेंडर गायब, गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस लो, नहीं चाहिए हमें अच्छे दिन हमें लौटा दो हमारे पुराने दिन और तानाशाही सरकार नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत ने विरोध के प्रतीक के तौर पर प्रधानमंत्री के गैस बनाने के कथित फार्मूले का जिक्र करते हुए गैस पाइप को नाले में डालकर चाय बनाने की कोशिश भी की जिससे कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। इस मौके पर रणजीत रावत ने कहा कि देश इस समय गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी से महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है और आम लोग महंगा तेल और गैस खरीदने को मजबूर हो गए हैं। प्रदर्शन के दौरान नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ओम प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, ऊषा जोशी, पुष्पा देवी, मुनीश कुमार, हरीश जंगपांगी, सुमित लोहनी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ओवरलोड डंपरों ने उखाड़ी गांव की सड़क, गड्ढों में डाले ईंट के रोड़े

नानकमत्ता। क्षेत्र में ओवरलोड डंपरों की लगातार आवाजाही ने गांव की सड़क की हालत बद से बदतर कर दी है। सिद्धा नवदिया से डियोड़ी गांव को जाने वाला मार्ग जगह-जगह से उखड़ गया है और कई स्थानों पर सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इन गड्ढों को भरने के नाम पर सड़क पर ईंट के रोड़े डाल दिए गए हैं, जो अब वाहन चालकों के लिए हादसे की वजह बनते जा रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से इस मार्ग पर खनन कार्य से जुड़े ओवरलोड डंपरों का दिन-रात संचालन हो रहा है। भारी वाहनों के दबाव से सड़क कई जगह धंस गई है और कई फीट चौड़े गड्ढे बन गए हैं। हालात यह हैं कि दोपहिया और छोटे वाहनों को सड़क से गुजरते समय भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क खराब होने के बाद गड्ढों को भरने के लिए खनन से जुड़े लोगों ने ही ईंट के रोड़े सड़क पर डाल दिए हैं। लेकिन इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ गई है। खासकर रात के समय रोड़ों के कारण वाहन फिसलने और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड डंपर व्यवसाय की आड में गांव के इस महत्वपूर्ण मार्ग को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ओवरलोड डंपरों के संचालन पर रोक नहीं लगाई गई और सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।विरोध जताने वालों में जगन सिंह, अमर सिंह, खेर सिंह, राजू सिंह समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।



# सीएम धामी ने चम्पावत को दी स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात

## एसीएलएस एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी, उपजिला चिकित्सालय में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का लोकार्पण







टनकपुर (उद संवाददाता)।जनपद चम्पावत के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी।मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस अवसर पर उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया। इस अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा तथा क्षेत्र के बुजुर्गों सहित सभी नेत्र रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा।एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को बहल पेपर मिल्स लिमिटेड, काशीपुर (सीएसआर के अंतर्गत) उपलब्ध कराया गया है। यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर हृदय रोग, दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने अस्पताल परिसर में स्थापित नई डायलिसिस मशीन का भी निरीक्षण किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली।इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) का भी भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया।मुख्यमंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, त्वरित उपचार तथा संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख चम्पावत श्रीमती अंचला बोहरा, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, जिला महामंत्री हिमेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केदार सिंह बृजवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।





## मुख्यमंत्री ने खटीमा में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान अपने निजी आवास नगला तराई व कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, सतीश भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी जितेन्द्र चौधरी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।







# मुख्यमंत्री धामी ने 'मुख्य सेवक संवाद' में सुनी क्षेत्र की समस्याएं

टनकपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग कर क्षेत्र की माताओं, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्णागिरि मेला समिति, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा अन्य नागरिकों से आत्मीय संवाद किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे जनता से सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की आवश्यकताओं, सुझावों तथा समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं सुझावों पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को समयबद्ध रूप से राहत मिल सके।मुख्यमंत्री श्री धामी ने टनकपुर अस्पताल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह चिकित्सालय एक ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, जहाँ न केवल टनकपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोग बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में आते हैं। इसी विशेष महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा का विस्तार करते हुए जल्द ही यहां एक और डायलिसिस मशीन स्थापित की जाएगी।क्षेत्र के समग्र विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर से माँ पूर्णागिरि के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि टनकपुर का बूम क्षेत्र आने वाले समय में पर्यटन एवं वॉटर स्पोर्ट्स के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही इसे एक आकर्षक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार का संकल्प टनकपुर को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं सुविधायुक्त बनाना है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर श्री विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख चम्पावत श्रीमती अंचला बोहरा, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर श्री दीपक रजवार, जिला महामंत्री श्री हिमेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अपर जिलाधिकारी श्री कृष्णनाथ गोस्वामी, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय श्री केदार सिंह बृजवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अन्य उपस्थित रहे।




# राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते से निपटे 9083 मामले

## न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण हेतु जनपद भर में लगीं 21 पीठें







रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद ऊधम सिंह नगर के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिकन्द कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाना रहा। पूरे आयोजन का कुशल संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर के निर्देशन में संपन्न हुआ।लोक अदालत को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्यालय और बाह्य स्थित न्यायालयों को मिलाकर कुल 21 लोक अदालत पीठों का गठन किया गया था। इन पीठों में न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने आपसी सुलह के आधार पर मामलों का निस्तारण किया। लोक अदालत पीठों का संचालन मुख्य रूप से द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनिता गुंजियाल, सिविल जज सीनियर डिवीजन गुंजन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर जयेंद्र सिंह, प्रथम अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन हेमंत सिंह, तृतीय अपर सिविल जज नीरज कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन रिजवान अंसारी तथा प्रथम अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन रुद्रपुर शंभुनाथ द्वारा किया गया।वहीं काशीपुर क्षेत्र में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्व्याल, सिविल जज सीनियर डिवीजन धर्मेन्द्र शाह, सिविल जज जूनियर डिवीजन पूनम तोड़ी, द्वितीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन आयशा फरहीन और तृतीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन सृष्टि बनियाल ने पीठों का नेतृत्व किया। खटीमा में सिविल जज सीनियर डिवीजन तृचा रावत व अपर सिविल जज प्रकाश चंद, बाजपुर में सिविल जज जूनियर डिवीजन सुमन भंडारी, जसपुर में सिविल जज जूनियर डिवीजन जहाँ आरा अंसारी, सितारगंज में सिविल जज जूनियर डिवीजन रुचिका नरूला और किच्छा में सिविल जज जूनियर डिवीजन कृष्टीका गुंज्याल सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने मामलों का सफल निस्तारण कराया।लोक अदालत के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्री लिटिगेशन स्तर पर कुल 3339 मामलों को चिन्हित किया गया था और शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए इन सभी 3339 मामलों का निस्तारण आपसी समझौते से किया गया। इसमें कुल 5,65,80,932 रुपये की धनराशि का समझौता हुआ। इसी प्रकार विभिन्न न्यायालयों में लंबे समय से लंबित 5744 मामलों का निस्तारण लोक अदालत पीठों द्वारा किया गया जिसमें कुल 10,39,11,559 रुपये की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। इस प्रकार लोक अदालत के माध्यम से कुल 9083 मामलों का निस्तारण कर करोड़ों रुपये की धनराशि जमा कराई गई।राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन की सुविधा के लिए न्यायालय परिसरों में पुख्ता व्यवस्थाएँ की गई थीं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के लिए सूक्ष्म जलपान का भी प्रबंध किया गया। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सस्ता और सुलभ न्याय मिलने के साथ ही न्यायालयों में लंबित वादों के बोझ कोकम करने में बड़ी मदद मिली है।

# एक लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे



रुद्रपुर /नानकमत्ता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा जनपद में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के क्रम में पुलिस को सफलता मिली है। कोतवाली नानकमत्ता पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से स्मैक की तस्करी कर रहे दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से करीब एक लाख रुपये कीमत की 6.85 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानकमत्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 14 मार्च 2026 को क्षेत्र में सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही की गई। इस दौरान दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिल पर स्मैक का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त अरुण गोस्वामी पुत्र राजकुमार गोस्वामी निवासी ग्राम मुंडेली कोतवाली खटीमा के कब्जे से 3.72 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वहीं दूसरे अभियुक्त अजय शंकर डूंगराकोटी पुत्र दुर्गा दत्त डूंगराकोटी निवासी भुजिया नंबर 03 जय इष्ट देव कॉलोनी चारुबेटा कोतवाली खटीमा के कब्जे से 4.47 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस द्वारा बरामद की गई कुल स्मैक का शुद्ध वजन 6.85 ग्राम आंका गया है।इस मामले में कोतवाली नानकमत्ता में एफआईआर संख्या 55/2026 धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम में निरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल नवनीत कुमार और कांस्टेबल नवीन बमेठा शामिल रहे।

# वेंडिंग जोन के लिए शासन ने दी 2.55 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति



रूद्रपुर । उत्तराखंड शासन ने नगर निगम रूद्रपुर के अंतर्गत स्मार्ट वेंडिंग जोन निर्माण की कार्ययोजना को कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है । महापौर विकास शर्मा ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दृष्टिगत शहर के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु विस्थापित किए गए दुकानदारों के व्यवस्थित पुनर्वास के लिए इस योजना पर दो करोड़ पचपन लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है । महापौर विकास शर्मा ने बताया कि व्यापारियों को राहत देने के लिए नगर निगम ने स्मार्ट वेंडिंग जोन का निर्माण पहले ही करा दिया था, लेकिन शासन से इस निर्माण की धनराशि स्वीकृत नहीं हो पाई थी। अपर सचिव वित्त हिमांशु खुराना द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार अब यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक मुश्त स्वीकृत की गई है । महापौर ने आगे बताया कि शहर में किच्छा बाईपास रोड पर दूसरे वेंडिंग जोन के निर्माण के लिए भी नगर निगम ने कसरत शुरू कर दी है। इसके लिए 1.79 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। नये वेंडिंग जोन में किच्छा बाईपास रोड से विस्थापित होने वाले दुकानदारों के साथ ही अन्य बचे हुए दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जायेंगी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को कोतवाली आईटीआई पुलिस और एसओजी काशीपुर की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में सक्रिय अपराधियों और गिरोहबंद तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी काशीपुर व बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई के नेतृत्व में यह प्रभावी कार्यवाही की गई।विदित हो कि 10 मार्च 2026 को थाना आईटीआई पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 4 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। इसी मुकदमे में वांछित चल रहे एक अन्य अभियुक्त विमल कुमार पुत्र महिपाल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जलालपुर खालसा थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को 13 मार्च 2026 को कोतवाली आईटीआई पुलिस और एसओजी काशीपुर की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाली आईटीआई और एसओजी काशीपुर के पुलिसकर्मी शामिल रहे। ऊधमसिंहनगर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्यवाही लगातार जारी है।

# हल्द्वानी में श्री रंगीला श्याम महोत्सव की धूम



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री श्याम महिला व मित्र मंडल एवं श्री श्याम सखी मंडल हल्द्वानी के तत्वावधान में शुक्रवार रात्रि से शनिवार प्रात: काल तक श्री राम लीला मैदान में श्री रंगीला श्याम महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शीश के दानी की अमर कथा पर आधारित नृत्य नाटिका,चुनरी उत्सव, अखंड ज्योति, श्री श्याम रसोई और 56 भोग के विशेष आयोजन किए गए। विश्व विख्यात भजन सम्राट कोलकाता के केशव मधुकर द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। केशव मधुकर एवं हल्द्वानी के विवेक शर्मा ने श्री श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों का ऐसा समां बांधा कि शनिवार की प्रात: काल तक श्रोता मंत्रमुग्ध रहे।भजन संध्या के दौरान भगत के बस में है भगवान और सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर मधु अग्रवाल, आशा गोयल, किरण गर्ग, द्रोपदी गोयल, प्रिया गुप्ता, अनीता अग्रवाल, गोल्डी, दिनेश चंद अग्रवाल, डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, पवन, अशोक अग्रवाल, शशि भूषण, राकेश गर्ग, श्याम जी, महापौर गजराज बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रुति, तरुण बंसल, राकेश गर्ग, साक्षी अग्रवाल, सीमा गोयल, अग्रवाल, स्मृति, स्नेहा, प्रतिभा, सान्विता सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दस दिवसीय साहसिक शिविर शुरू




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् देहरादून एवं जिला प्रशासन ऊधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वाधान में दस दिवसीय एडवेन्चर फाउण्डेशन शिविर का शनिवार से शुभारंभ हो गया है। साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के 30 प्रतिभागी शामिल हैं जिनमें 15 छात्र और 15 छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतिभागियों के इस दल को जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया ने अपने कैंप कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहसिक खेलों के माध्यम से इस शिविर की अवधि में सभी छात्र पर्यटन विकास की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होंगे और भविष्य में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार सृजन की ओर भी अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि यह शिविर सभी के सर्वांगीण विकास में लाभप्रद सिद्ध होगा इसलिए सभी को पूर्ण मनोयोग से इसमें प्रतिभाग कर लाभ उठाना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।इससे पूर्व जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने प्रशिक्षण शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दस दिवसीय इस आयोजन में प्रतिभागियों को साहसिक खेलों की आवश्यकता एवं उपयोगिता के साथ ही विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें छोटी बड़ी चट्टानों पर आरोहण जिसे बोल्डरिंग कहा जाता है, बड़ी चट्टानों से उतरना यानी रैपलिंग, जुमार उपकरण की मदद से चट्टानों पर चढ़ना, नदी पार करना, तकनीकी उपकरण, टैन्ट, रूकसैक और प्राथमिक चिकित्सा के सिद्धांत एवं व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त रस्सी एवं गांठो की जानकारी, रोप कोर्स, टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज, पर्यावरण संवर्धन, कूड़ा करकट का समुचित निस्तारण, ट्रैकिंग, माउण्टेन मैनर एवं कस्टम्स सहित हिमालय के बारे में व्यवहारिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान लिखित, प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा के माध्यम से अर्जित ज्ञान का आकलन कर प्रमाण पत्र में ग्रेड अंकित किये जायेंगे और प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मैडल देकर पुरस्कृत किया जायेगा। यह प्रशिक्षण भारत वर्ष के विभिन्न पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा से सम्बन्धित जानकारी देने और पर्वतीय क्षेत्रों की परम्परा व संस्कृति से अवगत कराने हेतु स्थलीय भ्रमण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर राकेश जोशी, दीपचन्द्र मेलकानी, दीप्ति, आशीष जोशी, मनीष बृजवाल, कमल जोशी, दीपक कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह राणा और रोहित उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी पर अंकुश के लिए उजाला अकादमी में मंथन

## न्यायिक प्रणाली और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय पर दिया जोर

भवाली (उद संवाददाता)। मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध से निपटने और इससे जुड़े मामलों में प्रभावी न्यायिक कार्रवाई को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी उजाला भवाली में शनिवार को दो दिवसीय ज्यूडिशियल कोलोक्वियम ऑन ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शुभारंभ हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के मुख्य न्यायमूर्ति एवं न्यायमूर्तिगणों सहित पुलिस, प्रशासन और विभिन्न जिलों के न्यायिक अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं।कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते हुए मुख्य न्यायाधीश उत्तराखंड उच्च न्यायालय मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कोलोक्वियम का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय, संवेदनशीलता और प्रभावी कानूनी कार्रवाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम, पीड़ितों के पुनर्वास, जांच प्रक्रिया और न्यायिक



कार्रवाई से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रतिभागियों को कानून, जांच और पीड़ित सहायता से संबंधित व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी। मुख्य न्यायाध ीश ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि न्यायिक प्रणाली, पुलिस और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय को मजबूत करना अनिवार्य है ताकि इस जघन्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।इस अवसर पर उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, उजाला के प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह उपस्थित रहे। साथ ही अकादमी के निदेशक प्रदीप पन्त, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, राज्य के विभिन्न जिलों के जिला जज, उजाला के अपर निदेशक शादाब बानो, अपर निदेशक तरुण, संयुक्त निदेशक मोहम्मद यूसुफ तथा सहायक निदेशक कार्तिकेय जोशी सहित पुलिस, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं और सीडब्लूसी के प्रतिनिधियों सहित 150 से अधिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी की। यह कार्यक्रम रविवार 15 मार्च को संपन्न होगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## होर्मुज समुद्री मार्ग

पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से जैसे हालात बन गए हैं और जैसे-जैसे दिन लंबे खिंचते जा रहे हैं, उसके असर का दायरा भी बढ़ने लगा है। युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह की रणनीतियां अपनाई जा रही हैं, उसके कारण वैसे देश भी बुरी तरह प्रभावित हो हैं, जो टकराव से दूर हैं। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचा पश्चिम एशिया प्रभावित है और इसका खाड़ी देशों में तेल उत्पादन पर खासा असर पड़ा है।इस बीच ईरान ने जिस तरह होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित कर दिया है, उसके बाद उस मार्ग से होकर दुनिया के कई देशों में तेल की आपूर्ति भी रुक गई है। खासतौर पर भारत में तेल और गैस की दिक्कत जिस रूप में देखी जा रही है, वह कई स्तर पर चिंता पैदा करती है। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया है कि देश के पास रणनीतिक और व्यावसायिक भंडार की पर्याप्त मात्रा मौजूद है और घरों तथा वाहनों के लिए इसमें कोई कटौती नहीं की गई है। सरकार ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की गैरजरूरी जमाखोरी से बचने की अपील की है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित बता रही है, दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से बाजार में रसोई गैस के लिए अफरा-तफरी की खबरें आ रही हैं। सवाल है कि जब सरकार सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रही है, जमाखोरी न करने की हिदायत दे रही है, तब भी लोगों के बीच रसोई गैस की कमी होने की आशंका कैसे फैल गई।असल में जब ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को रोक दिया और उसका असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ने लगा, तब सरकार ने न केवल खाना पकाने के गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, बल्कि पच्चीस दिन के बाद ही नया सिलेंडर मिलने की शर्त लगा दी। शायद यही वजह है कि लोगों के बीच यह धारणा बनी कि आने वाले दिनों में रसोई गैस की किल्लत होने वाली है। इसी के बाद एहतियातन रसोई गैस के सिलेंडर लेने की एक तरह से होड़ मच गई, जिसका फायदा कालाबाजारी करने वालों ने उठाया और कई जगहों से ऊंची कीमतों पर सिलेंडर बेचे जाने की खबरें आईं। इसी तरह, बिजली से चलने वाले चूल्हों की बिक्री में खासा इजाफा देखा गया। अव्वल तो यह समझना मुश्किल है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध और उसकी वजह से उपजने वाली स्थिति का अनुमान लगाने तथा उसी मुताबिक संकट का सामना करने की तैयारी करने के मामले में सरकार ने उदासीनता क्यों बरती।

# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गदरपुर। नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिन ध ार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे पूज्य संत श्री बाबा जी महाराज के करकमलों द्वारा ध्वज फहराया गया। इसके बाद 11 बजे से विभिन्न संतों द्वारा धारा प्रवाह सत्संग किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कथा के दौरान परम पूजनीय संत श्री बाबा जी महाराज ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा भगवान के भजन-सिमरन के लिए अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति और नाम स्मरण से ही मनुष्य जीवन में सच्चा सुख प्राप्त होता है। वहीं संत संतोष पूरी जी ने भजनों की प्रस्तुति देकर संगत को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, गदरपुर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, वार्ड सदस्य परमजीत सिंह पम्मा, सभासद





अश्वनी कुमार, मुकेश चावला तथा आकाश कोचर का संतों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद निधि से निर्मित पांच शौचालयों का उद्घाटन भी किया गया, जिसका फीता भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा एवं पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर ने संयुक्त रूप से काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम को सांसद अजय भट्ट ने फोन के माध्यम से वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में अशोक बजाज ने सभी संतों एवं उपस्थित संगत का आभार व्यक्त किया। कथा के समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालु सत्संग में पहुंचे और सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भक्त अशोक बजाज, सुरेंद्र मिंगलानी, अतुल मिंगलानी, अशोक मिंगलानी, टीकम खेड़ा, दर्पण ठुकराल, रूपांशु, सुशील बजाज, चन्नू कंबोज, रमाकांत, हंसराज ग्रोवर, रामलाल गुंबर, ओमप्रकाश बाटला, राजेश बजाज, वेद प्रकाश, सीमा मिंगलानी, सुरभि मिंगलानी, वीना मिंगलानी, ममता रानी, सरोजनी, राखी बजाज, मनी बजाज, सीमा रानी, अन्नू कक्कड़, रोजी अरोरा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नानकशाही नव वर्ष 558 पर 22 कामगार महिलाओं का सम्मान


गदरपुर (उद संवाददाता)। नानकशाही नव वर्ष 558 और चौत्र मास की संक्रांति के पावन अवसर पर गदरपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह के साथ-साथ सेवा और सम्मान की मिसाल पेश की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, गुरुद्वारा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ग्रोवर, समाजसेवी हरविंदर सिंह ग्रोवर, हरभजन सिंह सैनी और ज्ञान सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस विशेष अवसर पर समाज की सेवा में जुटी 22 कामगार महिलाओं को सूट, साड़ी एवं आवश्यक खाद्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया



गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल सिंह ने नानकशाही नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी नागरिकों के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं।आयोजक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में शैलेंद्र शर्मा, हरीश एशपुजानी, राजेश बाबा, सविंदर कौर, रश्मि भुसरी, गुरमीत कौर, भूपेंद्र कौर, हरभजन कौर, परमजीत कौर, सुरेंद्र सिंह ग्रोवर, शाहनूर अली, राजेंद्र छाबड़ा, गुरचरण सिंह और शिंगारा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाली महिलाओं में शिवानी, अंजलि, हेमा, हिमानी, रति देवी, सोनाली, उमा, श्वेता, राजवती, हरदेवा, जगवती, सुंदर देवी, रामादेवी, धर्मावती, मोनिका, रानी कौर, राधिका और सुनीता आदि शामिल रहीं।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान श्वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रमश में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। भगवान के जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-भक्ति में लीन होकर झूम उठे।कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उनके जीवन से संस्कारों की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं परमात्मा होते हुए भी अपने माता-पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे।



कथा के दौरान उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार और पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। अवतार का मुख्य उद्देश्य अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना होता है।महाराज श्री ने बताया कि जब मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने माता देवकी के आठवें पुत्र के रूप में अवतार लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में रावण के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने हेतु भगवान श्रीराम ने जन्म लिया था। भगवान की बाल लीलाओं के प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, सतनाम, राजेश, राजीव, नरेश, जिगर, गौरव, ताराचंद, सन्नी, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, सीमा, कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# गदरपुर में न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन

गदरपुर। नगर के वार्ड नंबर-2 स्थित शिशु मंदिर रोड कॉलोनी में रविवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति के तत्वावधान में न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के भव्य मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ध ार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मंदिर निर्माण के संकल्प में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।कार्यक्रम में जगरिया हरीश खाती (गुरु) द्वारा पारंपरिक पर्वतीय रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कराई गई। धार्मिक विधि के साथ देवताओं का आह्वान किया गया और मंदिर निर्माण के लिए भूमि का चयन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लेते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा मंदिर निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने पूजा-अर्चना





में भाग लेते हुए कहा कि गदरपुर में न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज का मंदिर बनना पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गोल्ज्यू देवता न्याय के प्रतीक माने जाते हैं और उनकी कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति के अध्यक्ष रविंद्र आर्य ने बताया कि पर्वतीय समाज के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि गोल्ज्यू देवता पर्वतीय समाज के इष्टदेवता हैं, जिनकी पूजा उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में विशेष श्रद्धा के साथ की जाती है। गदरपुर में भी बड़ी संख्या में पर्वतीय समाज के लोग निवास करते हैं और लंबे समय से यहां गोल्ज्यू देवता के मंदिर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित प्रसिद्ध चितई गोल्ज्यू मंदिर की तरह यहां भी श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाकर न्याय की प्रार्थना कर सकेंगे। मान्यता है कि गोल्ज्यू महाराज सच्चे मन से की गई प्रार्थना को अवश्य सुनते हैं और भक्तों को न्याय प्रदान करते हैं।समिति के सचिव मनोज कांडपाल ने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य में समाज के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और सभी के सहयोग से शीघ्र ही यहां भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था का केंद्र बनेगा।भूमि पूजन के दौरान पूरे क्षेत्र में ध ार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ गोल्ज्यू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर सुमित उपाध्याय, प्रेम आर्य, हीरा बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, बहादुर सिंह नेगी, चंपा पांडे, गीता पपोला, अंकुर कांडपाल, हेमंत मेलकानी, आनंद दास, जितेश, हिमांशु, शिवम, रंजीत बिष्ट, जीवन बिष्ट, बलवंत दानू, हिमांशु पांडे, प्रहलाद राम आर्य, गणेश सिंह माजिला, पंकज कांडपाल, गजेन्द्र सिंह बिष्ट, हुकुम सिंह बिष्ट, ललित मेलकानी, मोहन लाल आर्य, रिंकू पांडे, जसपाल डोगरा, शिव सिंह बिष्ट, दर्शन सिंह नेगी, आनंद पांडे, विकास ग्वाड़ी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गोमती नदी में पोकलैंड मशीन से बदला नदी का अस्तित्व

## एनजीटी के मानकों को ताक में रखकर विभागीय मंत्री के आश्रम तक सड़क बनाने हेतु हो रहे करोड़ो खर्च

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर क्षेत्र में गोमती पुल के समीप से गोमती नदी किनारे करोड़ो की लागत से बन रही सड़क के निर्माण पर एनजीटी के मानकों की अनदेखी, गोमती नदी में मनमाने तरीके से पोकलैंड मशीनों से खनन कर गोमती नदी की अविरल धारा को बदलकर नदी के बड़े बड़े बोल्डरों को तोड़कर नदी के बहाव को दूसरी ओर बदलकर किए जा रहे निर्माण कार्य से जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगे हैं।सड़क का निर्माण आखिर कैसे सरकार में लोक निर्माण मंत्री रहते सतपाल महाराज जी के आश्रम तक सड़क का निर्माण किया जाना, जबकि मात्र कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित लोनीवि मंत्री के आश्रम तक सड़क निर्माण में खुलेआम उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना, नदी की अविरल धारा को बदल देने, नदी में जलचर मछलियों के जीवन पर संकट होने से इसके पीछे कही सवालिया निशान उठ रहे हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार के द्वारा नदियों सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जाना, दूसरी तरफ अतिक्रमण हटने के बजाय अतिक्रमण के बढ़ने की चर्चाओं के बीच सड़क निर्माण में नियमों की अनदेखी से प्रदेश सरकार की नीतियों पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं।इसको लेकर आमजन में प्रदेश सरकार के दावों की हकीकत पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।लोग सरकार को रसूखदारों पर मेहरबान गरीबो पर नियमो का बोझ डालकर उन्हें परेशान करने की नीति बता रहे हैं तो कुछ लोग मंत्री जी के आश्रम तक सड़क बनाने हेतु हो रहे करोड़ो के खर्च पर मंत्री जी के बजाय पैसे को गरीबो के हितों के लिए खर्च किए जाने, की बात कहते सुनाई दे रहे हैं।वही खनन को लेकर उच्च न्यायालय के सख्त आदेश के बाद भी प्रदेश सरकार के लोनीवि मंत्री के आश्रम तक सड़क निर्माण में न्यायालय के आदेश के बाद नदी के अस्तित्व से छेड़छाड़ कर मनमाने तरीके से निर्माण कार्य किए जाने पर जिला प्रशासन की चुप्पी, के साथ खनन कार्य हेतु जिम्मेदार खनन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य मे सरेआम हो रही नियमों की अवहेलना पर अब तक कोई कार्रवाई नही होना, साथ ही गोमती नदी के अस्तित्व को बदलकर नदी के बड़े बोल्डरों को तोड़कर बीच नदी में समान रखने का टिन शेट गोदाम बनाए जाने, और नदी को समतल कर वहां खनन सामग्री रखे जाने के बाद भी निर्माण कार्य कर रही कम्पनी पर कोई कार्रवाई नही होने और सरकार में मंत्री रहते लोनीवि मंत्री के आश्रम तक बन रही सड़क में झुलेआम एनजीटी के मानकों की अनदेखी और न्यायालय में नियमों का पालन कराने का दावा करने वाले जिम्मेदार अधिकारी जिला प्रशासन इस मुद्दे पर क्यों नही नियमों का पालन करा रहे हैं इसको लेकर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं।सड़क निर्माण से आसपास के लोगों को इसका समुचित लाभ नही मिलने से भी लोगों में सड़क निर्माण को लेकर आक्रोश है।वही कानूनी मामलों में जनहित याचिका दायर करने वाले समाजिक कार्यकर्ता गोपाल बनवासी ने सड़क निर्माण मामले में निर्माण कार्य कर रही कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।साथ ही नियमों के तहत नदी में हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।इधर सड़क निर्माण में नियमों की अनदेखी पर जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं।आखिर ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या सरकार के मंत्री के आश्रम तक ही सड़क निर्माण किया जाना उचित है,आखिर क्यों सड़क निर्माण में नियमों की अनदेखी हुई इसको लेकर सरकार की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं।क्या जिला प्रशासन मामले में न्यायालय और एनजीटी के आदेशों के अनुआर ही सड़क का निर्माण कार्य कराएगा ये बड़ा सवाल है।वही नदीगांव क्षेत्र में आसपास के लोगों ने भी सड़क निर्माण को लेकर सवालिया निशान उठाए हैं।



# ब्लागर ज्योति अधिकारी ने किया आत्म हत्या का प्रयास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां बीते कई दिनों से चल रहे सोशल मीडिया विवाद ने उस समय बेहद गंभीर रूप ले लिया जब चर्चित ब्लॉगर ज्योति अधिकारी ने इंटरनेट मीडिया पर लाइव आकर आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी दी। इस सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने रानीबाग क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के पास स्थित घने जंगल में घेराबंदी कर उन्हें सुरक्षित बचा लिया और उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम ज्योति अधिकारी रानीबाग के जंगलों में पहुंचीं और फेसबुक पर लगभग 25 मिनट तक लाइव वीडियो प्रसारित किया। इस दौरान उन्होंने भावुक होते हुए पुलिस और एक अन्य महिला ब्लॉगर पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महिला ब्लॉगर उनके चरित्र पर लगातार भद्दी टिप्पणियां कर रही है, लेकिन पुलिस शिकायत के बावजूद कोई



कार्रवाई नहीं कर रही है। इसी तनाव और उपेक्षा का हवाला देते हुए उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की बात कही। लाइव वीडियो वायरल होते ही काठगोदाम पुलिस एक्टिव हुई। थाना प्रभारी विजय मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लोकेशन ट्रेस की और जंगल के भीतर ज्योति अधिकारी को ढूंढ निकाला। पुलिस ने उन्हें आत्मघाती कदम उठाने से ऐन वक्त पहले सुरक्षित रोक लिया। फिलहाल वह अस्पताल में हैं और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों ने उन्हें इस कदम के लिए मजबूर किया। ज्योति अधिकारी का विवादों से पुराना नाता रहा है। जनवरी 2026 में उन पर कुमाऊँनी महिलाओं और लोक देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी दौरान एक जनसभा में दरांती लहराने के कारण उन पर आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई हुई थी और उन्हें जेल जाना पड़ा था। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने सार्वजनिक माफी भी मांगी थी। ताजा विवाद दो महिला ब्लॉगरों के बीच रोस्टिंग को लेकर शुरू हुआ था। ब्लॉगर सुनीता भट्ट ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ज्योति अधिकारी और उनके पति ने चौपाटी क्षेत्र में उनके फूड स्टॉल पर हमला किया और मारपीट की। वहीं, संपदा विहार के व्यापारी नीरज भट्ट ने भी ज्योति और उनके पति पर घर के सामने अवैध रूप से शराब बेचने का विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के विरोध में 16 मार्च को संसद का घेराव करेगी यूथ कांग्रेस

गदरपुर (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार की प्रस्तावित अमेरिकी ट्रेड डील के विरोध में यूथ कांग्रेस ने 16 मार्च को दिल्ली में संसद का घेराव करने का ऐलान किया है। गदरपुर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने इस आंदोलन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में काम कर रही है और इस ट्रेड डील के माध्यम से देश के हितों के साथ




खिलवाड़ किया जा रहा है।सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि इस समय अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां बेहद संवेदनशील हैं, विशेषकर ईरान के साथ युद्ध जैसे हालातों के कारण भारत में गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को लेकर अफरा-तफरी का माहौल है। उन्होंने दुख जताया कि सरकार इन ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही है। भुल्लर ने प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं से आह्वान किया कि वे 16 मार्च को भारी संख्या में दिल्ली पहुंचकर संसद घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस दौरान चंदन सिंह नयाल, सिद्धार्थ अरोरा, अविराज सिद्धू, युवराज सिंह चौहान, आकाशदीप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**फर्जी एनसीईआरटी....**रात अचानक गोदाम पर धावा बोल दिया। मौके का नजारा देख अधिकारियों के भी होश उड़ गए, वहां चारों तरफ किताबों का अंबार लगा हुआ था। छापेमारी के दौरान मौके पर किताबों से लदा हुआ एक ट्रक भी पकड़ा गया है। पड़ताल में पता चला कि इस ट्रक के जरिए भारी मात्रा में फर्जी किताबें मेरठ भेजी जा रही थीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इस सिंडिकेट के तार देश के कई हिस्सों से जुड़े हैं। यहां से छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और हैदराबाद समेत कई अन्य राज्यों में फर्जी किताबों की सप्लाई की जा रही थी। जांच में पता चला है कि यह गोदाम गल्ला मण्डी निवासी राजेश कुमार जैन का है। उन्होंने इसे किराए पर दे रखा था। पुलिस ने गोदाम स्वामी को तत्काल मौके पर बुलाकर पूछताछ की है ताकि उन लोगों तक पहुंचा जा सके जो इस अवैध कारोबार के असली मास्टरमाइंड हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें मौके पर मौजूद थीं और एक-एक किताब का मिलान कर सूची तैयार की जा रही थी। इस बड़ी कार्रवाई में तहसीलदार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, मुख्य शिक्षा अधिकारी , खंड शिक्षा अधिकारी, एसएसआई अनिल जोशी, एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई चंदन बिष्ट, एसआई अमित कुमार समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों का कहना है कि यह एक बड़ा नेटवर्क हो सकता है और जल्द ही इसमें शामिल अन्य चेहरों से नकाब हटाया जाएगा।

**हनी टैप में फंसाकर...**महिला ने पवन को मच्छी झाला के पास आने को कहा। जब पवन अपनी आई-10 कार से वहां पहुंचा, तो सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं ने हाथ देकर उसे रुकवाया। उनमें से एक ने खुद को पिंकी बताया। जैसे ही पवन ने कार रोकी, वहां पहले से घात लगाकर बैठे चार अन्य युवक जबरन कार में घुस गए। आरोपियों ने पवन को ड्राइवर सीट से खींचकर बगल वाली सीट पर पटक दिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी उसे कार सहित करीब 6-7 किलोमीटर दूर एक अनजान गांव के कमरे में ले गए। आरोप है कि कमरे में बंद कर आरोपियों ने पवन को बुरी तरह पीटा और 50 लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। दरिंदगी की हदें पार करते हुए आरोपियों ने पवन के जबरन कपड़े उतरवाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे। पीड़ित पवन ने बताया कि देर रात आरोपी उसे एक शराबी युवक की निगरानी में कमरे में छोड़कर कहीं चले गए। जब वह शराबी युवक गहरी नींद में सो गया, तो पवन ने हिम्मत दिखाई और कमरे का ताला तोड़कर वहां से जान बचाकर भाग निकला। पीड़ित के अनुसार, आरोपी उसकी आई-10 कार, 10 हजार रुपये की नगदी और सोने की अंगूठी लूट ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

**कड़ी सुरक्षा के बीच...** 10.20 बजे के लगभग नादेही शुगर मिल में बनाये अस्थायी हैलीपेड पर मुख्यमंत्री का विशेष हैलीकॉफ्रटर उतरा। यहां पार्टी के पदाधिकारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सीएम धामी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला जसपुर स्थित ग्राम निवारमंडी की और रवाना हो गया। मुख्यमंत्री जैसे ही विधायक आदेश चौहान के आवास पर पहुंचे मौजूद लोगों ने उन्हें फूलामालाओं से लाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायक जसपुर आदेश चौहान के सुपुत्र अपूर्व चौहान एवं उनकी पुत्रवधु दामिनी देव सिंह को सफल एवं सुखद दाम्पत्य जीवन जीने का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हैलीपेड से विधायक आदेश चौहान के आवास तक तमाम इलाका सुरक्षा के लिहाज से छावनी में तब्दील रहा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, विधायक की पत्नी श्रीमति अनिता चौहान, सुखदेव सिंह, इत्यिार अहमद बबलू, मुईदुन्नीन आदि मौजूद रहे।वहीं क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने महापौर दीपक बाली के साथ सुबह नादेही शुगर मिल में बनाये अस्थायी हैलीपेड पर पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चैती मेले के शुभारंभ का निमंत्रण पत्र देकर आयोजन में शाामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में पहुंचने की बात कही। इस दौरान काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा सुबह जसपुर पहुंच गये। भाजपा विधायक व महापौर ने सीएम धामी से मुलाकात कर उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चौती मेले के शुभारंभ के मौके पर 19 मार्च को काशीपुर पहुंचने का अनुरोध करते हुए उन्हें इस आयोजन का आमंत्रण पत्र दिया।

**यूपीएससी में बेटियों...**कहा कि इन तीनों बेटियों की यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह उनके समर्पण, अनुशासन व कड़ी मेहनत का ही सुखद परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सिविल सेवा में चयनित तीनों बेटियों को पुस्तक, उपहार व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उनके भविष्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके परिजनों से भी वार्ता की और उन्हें बधाई दी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री धामी ने जनपद की जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट को भी विशेष रूप से सम्मानित किया। लता बिष्ट ने भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित माउंट चंद्रभागा-13 (6264 मीटर) व माउंट चंद्रभागा-14 (6074 मीटर) के पर्वतारोहण अभियान का टीम लीडर के रूप में नेतृत्व करते हुए सफलतापूर्वक आरोहण किया है। मुख्यमंत्री ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट किया।इस दौरान जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उपजिलाधिकारी तुषार सैनी और प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**आम जनता के दिलों...**और ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करता नजर आया। भारी सुरक्षा व्यवस्था और अधिकारियों की मौजूदगी के बीच भी मुख्यमंत्री का सरल और सहज व्यवहार लोगों को खासा प्रभावित कर गया। मुख्यमंत्री ने कई लोगों का हाथ थामकर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण भी किया। इस दौरान उनके साथ चंपावत के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंपावत भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि चंपावत के विधायक और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चंपावत और टनकपुर में जनसंवाद कार्यक्रम की रूपरेखा पहले से तैयार की जा रही थी। इसी बीच बीते शुक्रवार को उत्तरांचल दर्पण में इस प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम की खबर प्रकाशित की गई थी। सूत्रों के अनुसार, उक्त खबर के बाद मुख्यमंत्री का जनसंवाद कार्यक्रम टनकपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम लोग न केवल आश्चर्यचकित हुए बल्कि बेहद उत्साहित भी दिखे। मुख्यमंत्री धामी ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी कराया।

# छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने किया लहूलुहान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में अपनी दोस्त के साथ टहल रहे एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने युवक के सिर पर स्टील के पाइप से वार किया जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भूरारानी वार्ड नंबर 32 निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राम प्रवेश ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात लगभग 9 बजे वह अपनी दोस्त सीमा के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान नवीनखेड़ा फार्म के रहने वाले पिन्टू, उमेश और चंदन वहां पहुंचे और उसकी दोस्त को देखकर अभद्र टिप्पणी व छेड़छाड़ करने लगे। जब अभिषेक ने उनकी इस हरकत का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने एक राय होकर उस पर जानलेवा हमला बोल दिया।आरोपियों ने अभिषेक के सिर पर स्टील के पाइप से जोरदार वार किया जिससे उसका सिर फट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए और जाते समय पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल युवक को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसके सिर में छह टांके आए हैं। इसके अलावा उसके चेहरे, हाथ, पीठ, कंधे और आंख के नीचे भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह रावत द्वारा की जा रही है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







# कुलदीप-वंशिका ने लिए सात फेरे ,धीरेंद्र शास्त्री भी पहुंचे मसूरी

## शादी समारोह में परिवार के सदस्य, कई क्रिकेटर, करीबी रिश्तेदार और चुनिंदा मेहमान शामिल हुए

मसूरी। भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने शनिवार को वंशिका सिंह के साथ सात फेरे लिए। शादी समारोह में परिवार के सदस्य, कई क्रिकेटर, करीबी रिश्तेदार और चुनिंदा मेहमान शामिल हुए। शाम पांच बजे होटल में उनकी बरात निकली और सात बजे के करीब जयमाला कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह आठ बजे से ही वेल्कम होटल द सवाय में शादी समारोह कार्यक्रम शुरू हो गए। शाम चार बजे से हाई टी के साथ साफा बांधने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वहीं शाम पांच बजे होटल प्रीमियम वैली व्यू विंग से बरात निकली। 6:30 बजे सेंट्रल लॉज में जयमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इससे पहले कार्यक्रम स्थल को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था। शादी की खबर सामने आने के बाद क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी कुलदीप यादव को बधाई संदेश भेजे। कुलदीप यादव और वंशिका को आशीर्वाद देने के लिए बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी देर शाम मसूरी पहुंचे और सवाय होटल पहुंचकर शादी समारोह में शिरकत की। कुलदीप यादव की शादी समारोह में क्रिकेटर तिलक वर्मा, मुहम्मद कैफ, आरपी सिंह, सुरेश रैना, रिंकू सिंह, युजवेन्द्र चहल, टी दिलीप भी पहुंचे। इस मौके पर क्रिकेटरों ने जमकर डांस किया और कुलदीप यादव तथा वंशिका को शुभकामनाएं दी। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वह कुलदीप यादव और वंशिका की शादी-समारोह में शामिल होने के लिए आए हैं। वह उनके काफी अच्छे परिचित हैं। उनके पहुंचते ही काफी प्रशंसकों ने उनको घेर लिया। उनकी फोटो लेने के लिए होड़ मच गई। जिसके बाद वह सड़क मार्ग से मसूरी के लिए रवाना हुए। क्रिकेटर कुलदीप यादव की शादी समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए तीन दिनों तक विशेष भोजन और विभिन्न पारंपरिक कार्यक्रमों की भव्य व्यवस्था की गई है। इससे पहले शुक्रवार 13 मार्च से शुरू हुए कार्यक्रमोंमेंमेहमानोंकेस्वागत के साथ नाश्ते, हाई टी और पार्टी के बाद विशेष भोज का आयोजन किया गया।




# उद्योगों के प्रतिनिधियों ने सीखी सुरक्षा की बारीकियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी पंतनगर के तत्वाधान में और ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज के सहयोग से 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह सेक्टर-9 स्थित ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद उत्तराखंड द्वारा एक विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें औद्योगिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद उत्तराखंड के अध्यक्ष एवं उप कारखाना निदेशक अरविंद नागयान रहे। उन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए कहा कि उद्योगों में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना अनिवार्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष आर. के. शर्मा ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के



माध्यम से सुरक्षा मानकों और उनके पालन के तरीकों को समझाया। कार्यक्रम में परिषद के कोषाध्यक्ष एन. सी. सनवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।समापन समारोह की अध्यक्षता ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट अशोक कुमार सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का समापन सिडकुल संगठन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान हिंदुस्तान जिंक की टीम ने बेहद प्रभावी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को दर्शाया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यशाला में लगभग 90 उद्योगों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर सुरक्षा शपथ ली।इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज खंतवाल, संजय सिंह, बलवंत राव, मानवेंद्र उपाध्याय, योगेंद्र चतुर्वेदी, सतीश जोशी, हेमंत बिष्ट, श्रीनिवास तिवारी, कमलजीत सिंह, दीपचंद सती, संजय सनवाल, राजेश कुमार मिश्रा सहित कई औद्योगिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।




गदरपुर के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश पाल अपने परिवार के साथ गुंजन सुखीजा के जन्मदिन की बधाई देते हुए।

# गैस सप्लाई को लेकर बैठक आयोजित

गदरपुर। नगर पालिका कार्यालय गदरपुर में गैस सप्लाई से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर एक आवश्यक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, अधिशासी अधिकारी कैलाश सिंह पटवाल, गैस एजेंसी के प्रबंधक गणेश चंद आर्या, पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर कांडपाल, गैस एजेंसी स्टोर इंचार्ज बसंत करनाटक तथा गदरपुर कोतवाली से उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा सहित अन्य अधि



कारी उपस्थित रहे। इसके अलावा होम डिलीवरी ठेकेदार राकेश अरोरा, सभासद सचिन गुप्ता, मुकेश चावला, परमजीत सिंह पम्मा, रजत कुमार अश्वनी, पूर्व वाइस चेयरमैन संतोष गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि ब्रजेश चौधरी, चिंतन अरोरा, नाजिर अली, इदरिस पाशा, आकाश कोचर तथा सन्नी बत्रा भी बैठक में मौजूद रहे।बैठक के दौरान गैस सप्लाई से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# ठुकराल ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

रुद्रपुर । ग्राम संजयनगर महतोष में जिला पंचायत निधि के अंतर्गत मुख्य मार्ग से मंदिर व राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक इंटरलॉकिंग टाइल सड़क निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की नींव रखी । शुभारंभ के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और जन-जन की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है । उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्रामीण इस मार्ग के



निर्माण की मांग कर रहे थे, ताकि मंदिर और विद्यालय आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और नन्हें बच्चों को कीचड़ व गंदगी से मुक्ति मिल सके। ठुकराल ने कहा कि वह राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हैं और पद पर रहें या न रहें, जनता के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा और अन्य लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा कराया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान सुखदेव हालदार , आरिफ गाजी , ललित बिष्ट, रोहित घीक, वंश ग्रोवर, हर्षित गाईन, देव कुमार, मनोज कुमार, सूरज हाल्दार, अशरफ अली, सावेश गाजी, बिल्लू, मो. खालिक, अमृत राय, साजिद गाजी, मंगल हाल्दार, रमनी मृधा, कृष्णा मण्डल, विजय राय, विधान विश्वास, अंकित बठला, भोला राय, गोलू गाइन, कृष विश्वास, राजीव बैरागी, दिलीप, कमलेश, पप्पू राय, शवेश गाजी, विशाल भद्र आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।